रविवार
3 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर




वर्ष 2, अंक 89 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## धनेश्वर घाट ई-लाइब्रेरी जल्द होगी चालू, डीएम ने दिए निर्देश



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शनिवार को नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान धनेश्वर घाट स्थित स्मार्ट सिटी योजना के तहत निर्मित ई-लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य और उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि ई-लाइब्रेरी भवन में आवश्यक मरम्मत कार्यों सहित सभी जरूरी सुविधाएं आठ दिनों के भीतर हर हाल में पूर्ण कर ली जाएं, ताकि इसे जल्द से जल्द आम लोगों के लिए चालू किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि ई-लाइब्रेरी का संचालन समय पर शुरू होना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों और युवाओं को डिजिटल अध्ययन की बेहतर सुविधा मिल सके।

साथ ही जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ई-लाइब्रेरी के संचालन से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं। उन्होंने इस परियोजना को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इससे छात्रों को आधुनिक संसाधनों के माध्यम से पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा।निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि निर्धारित समय के भीतर सभी कार्यों को पूरा कर ई-लाइब्रेरी को शीघ्र चालू कर दिया जाएगा।

## नगरनौसा में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार पुलिस कार्रवाई तेज



नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में पुलिस ने पटना पुलिस एवं एसटीएफ के सहयोग से छापेमारी कर अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया। इस संबंध में हिलसा एएसपी कुमारी शैलजा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी दी।

एएसपी कुमारी शैलजा ने बताया कि पटना पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पहले गौरीचक थाना क्षेत्र में हथियार खरीद-बिक्री के आरोप में भगवानगंज थाना क्षेत्र के रोहिलापर निवासी महेश यादव एवं नालंदा जिले के चिकसौरा थाना क्षेत्र के हुराड़ी गांव निवासी सदन प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से देशी कट्टा एवं निर्माण में प्रयुक्त बैरल बरामद हुआ। पूछताछ में सदन प्रसाद ने खुलासा किया कि चिकसौरा निवासी कृष्ण विश्वकर्मा बाजितपुर गांव में बच्चू महतो के किराये के मकान में अवैध हथियार फैक्ट्री चला रहा है।

सूचना पर नगरनौसा थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा ने दलबल के साथ छापेमारी कर कृष्ण विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया। उसके कमरे से कट्टा निर्माण के उपकरण, बैरल, ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, हथौड़ी, रिंच, छेनी, निहाई, आरी, स्प्रिंग सहित कई औजार बरामद किए गए।

छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा, उप थानाध्यक्ष इसमा प्रवीन, सअनि शंकर राम, सिपाही सुनील कुमार साहनी, नीरज पासवान, गृहरक्षक हिमांशु कुमार, शोभा कुमारी एवं एसटीएफ की टीम शामिल रही।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार कृष्ण विश्वकर्मा का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें उसके खिलाफ पूर्व में दो मामले दर्ज हैं।

## डीएम कुंदन कुमार की मौजूदगी में प्रवेशोत्सव, बच्चियों का हुआ नामांकन



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को “स्कूल चले हम” अभियान के तहत राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, कमरूद्दीन गंज में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने भाग लेकर बच्चियों का नामांकन कराया।

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिले के सभी विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्रों से छह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों एवं अन्य छूटे हुए बच्चों का नामांकन उत्सवी माहौल में किया जा रहा है। इसी क्रम में उक्त विद्यालय से जुड़े सात आंगनबाड़ी केंद्रों से कुल 32 बच्चियां एवं क्षेत्र की अन्य तीन बच्चियां नामांकन के लिए पहुंचीं।

जिलाधिकारी ने स्वयं कोड 63 की बच्ची सुमेरा का नामांकन किया, जबकि अन्य बच्चियों का नामांकन नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त सहित विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पाठ्यपुस्तकें भी उपलब्ध कराई गईं।



जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित हो। उन्होंने ड्रॉपआउट रोकने, अभिभावकों के साथ नियमित बैठक करने तथा बच्चों की सतत निगरानी का निर्देश दिया। साथ ही जरूरतमंद बच्चों के स्वास्थ्य जांच और निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराने की बात कही।

कार्यक्रम में विद्यालय परिसर को सजाकर उत्सवी माहौल बनाया गया तथा अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानाध्यापिका पर अनियमितता का आरोप, जांच के आदेश जारी

### ई-शिक्षा कोष पर उपस्थिति दर्ज नहीं करने और विद्यालय से अनुपस्थित रहने की शिकायत

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा) । पटना प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक कार्यालय ने नालंदा जिले के आवासीय मॉडल विद्यालय, भैंसासुर (बिहारशरीफ) की प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी सिन्हा के खिलाफ मिली शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई तेजस्वी फैंस एसोसिएशन, कुर्जी मगध कॉलोनी, पटना की सचिव श्रीमती गायत्री देवी द्वारा दिए गए अभ्यावेदन के आधार पर की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभ्यावेदन में प्रधानाध्यापिका पर नियमित रूप से विद्यालय नहीं आने तथा ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं करने सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। मामले को गंभीर मानते हुए क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा को निर्देश दिया है कि शिकायत में उल्लेखित बिंदुओं की समुचित जांच की जाए।

साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि बीते माह से अब तक ई-शिक्षा कोष पर उपस्थिति दर्ज की स्थिति की समीक्षा की जाए। जांच के दौरान यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए साक्ष्य सहित विस्तृत प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

इसके अलावा पूर्व में जारी पत्रांक 939 दिनांक 21 मई 2025 पर की गई कार्रवाई का अद्यतन प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराने को कहा गया है।

# रामचन्द्रपुर में एलेन सोली शोरूम खुला, ग्राहकों को मिलेगी बड़ी राहत



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। स्थानीय रामचन्द्र पुर में आदित्य बिरला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड की सहायक कंपनी एलेन सोली के एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन सांसद कौशलेंद्र कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सांसद कौशलेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एलेन सोली देश का एक प्रमुख प्रीमियम लाइफस्टाइल ब्रांड है, जो खासकर नई पीढ़ी के बीच काफी लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि इस शोरूम के खुलने से बिहारशरीफ के लोगों को अब ब्रांडेड कपड़ों की खरीदारी के लिए अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी।शोरूम के प्रोपराइटर सतीश कुमार ने ग्राहकों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग ब्रांडेड और आकर्षक कपड़ों के शौकीनहैं, वे यहां आकर खरीदारी करें और



कंपनी द्वारा दी जा रही विशेष छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि एलेन सोली ब्रांड वर्ष 1993 में भारत में पेश किया गया था और यह अपने आरामदायक, रंगीन तथा आधुनिक औपचारिक परिधानों के लिए जाना जाता है। युवा आइकन सह जदयू नेता रितेश कुमार ने कहा कि शोरूम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए रेडीमेड कपड़ों का शानदार कलेक्शन उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल ग्राहकों के लिए कई आकर्षक योजनाएं चलाई जा रही हैं।इस मौके पर जिला परिषद सदस्या नवीता सिन्हा, चोरसुआ पंचायत के मुखिया चंदन कुमार, वार्ड पार्षद संजय आजाद, डीपीएस कुशवाहा, पवन कुमार, पैक्स अध्यक्ष जितु कुमार, धर्मेंद्र कुशवाहा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 31 वर्षों की सेवा के बाद शिक्षक अरविंद कुमार को दी गई भावभीनी विदाई



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहादुरगंज में शनिवार को प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार के सेवानिवृत्त होने पर भावभीना विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर भावुक माहौल से भर गया। अरविंद कुमार ने अपने 31 वर्ष 8 माह के लंबे कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख धनंजय प्रसाद ने की। मौके पर जिप सदस्य कौशलेंद्र प्रसाद एवं जदयू प्रखंड अध्यक्ष रजनीश कुमार मुन्ना ने कहा कि अरविंद कुमार का कार्यकाल अनुशासन, समर्पण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने उन्हें एक कुशल, कर्मठ और आदर्श शिक्षक बताया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमरजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि अरविंद कुमार सरल, उदार और सज्जन व्यक्तित्व के धनी थे।

उनके 31 वर्ष 8 माह की सेवा कब पूरी हो गई, इसका एहसास ही नहीं हुआ। उनके सेवानिवृत्त होने से शिक्षा विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है।

इस अवसर पर अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, आलोक कुमार, गिरियक प्रखंड अध्यक्ष ब्रजकिशोर प्रसाद, मैरा बरीठ मुखिया प्रतिनिधि अनिरुद्ध कुमार, बिलारी के पूर्व मुखिया रजनीश कुमार वर्मा, करती के पूर्व मुखिया श्याम किशोर प्रसाद, पूर्व मुखिया मिथलेश प्रसाद एवं सरपंच राहुल कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

साथ ही प्रधानाध्यापक संजय कुमार वर्मा, सतीश प्रसाद, शिवनंदन प्रसाद, अजय प्रसाद, घनश्याम कुमार, संजीत कुमार और धर्मेंद्र कुमार सहित दर्जनों शिक्षक-शिक्षाकर्मी उपस्थित थे। सभी ने अरविंद कुमार के स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।









# मध्य विद्यालय मई में प्रवेशोत्सव अभियान से बढ़ा नामांकन का उत्साह



हिलसा (अपना नालंदा)। सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को मध्य विद्यालय मई सहित क्षेत्र के कई विद्यालयों में प्रवेशोत्सव सघन अभियान चलाया गया। प्रधानाध्यापक कुमार पंकज के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में अभिभावकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन समाजसेवी सह जिला आइकॉन डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने किया।

इस अवसर पर डॉ. मानव ने नामांकन कराने आए अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार भी देना आवश्यक है, ताकि वे भविष्य में देश और समाज का नाम रोशन करसकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है।विकास कुमार, संतोष कुमार पार्थ सहित अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि प्रवेशोत्सव अभियान का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को चिन्हित करना है जो अभी तक विद्यालय से दूर हैं। ऐसे बच्चों को स्कूल से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जा सकती है।

प्रधानाध्यापक कुमार पंकज ने बताया कि जो बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं, उन्हें पुनः विद्यालय लाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने वाद्य यंत्रों के साथ रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। साथ ही बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक कलाकृतियों का भी प्रदर्शन किया गया, जिसने सभी का ध्यान खींचा।

# सड़क हादसे में कांग्रेस नेता प्रवीण कुशवाहा का निधन, शोक की लहर



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गहरे दुःख के साथ यह सूचना सामने आई है कि भागलपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं कहलगांव के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण कुशवाहा का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। बताया जाता है कि वे दिल्ली से पटना आने के क्रम में हादसे का शिकार हो गए। इस दुखद घटना से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई है।


प्रवीण कुशवाहा पार्टी के सक्रिय और समर्पित नेता माने जाते थे। वे हमेशा जनता और कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहते थे तथा संगठन को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। उनके निधन को कांग्रेस के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।

नालंदा जिला कांग्रेस अध्यक्ष विवेक सिन्हा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवीण कुशवाहा पार्टी के अनमोल रत्न थे। उनका जाना संगठन के लिए एक बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों, समर्थकों और चाहने वालों के साथ हैं।बताया गया कि प्रवीण कुशवाहा नालंदा कांग्रेस के प्रभारी भी रह चुके थे और यहां के कार्यकर्ताओं के बीच काफी लोकप्रिय थे। नालंदा के कांग्रेसजन उनके निधन से मर्माहत हैं और इसे पार्टी के लिए बड़ी क्षति मान रहे हैं।









# बुद्ध पूर्णिमा पर नालंदा विश्वविद्यालय की वैश्विक पहल, शांति सहयोग संदेश




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नालंदा विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराते हुए वैश्विक शांति और सहयोग को सशक्त बनाने का संदेश दिया। इस क्रम में विश्वविद्यालय ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय 'वेसाक' दिवस कार्यक्रम सहित नेपाल में आयोजित महत्वपूर्ण आयोजनों में भाग लिया।

नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में "वैश्विक शांति और सहयोग को सशक्त बनाने हेतु बौद्ध विरासत का उपयोग" विषय पर मुख्य भाषण दिया। उन्होंने अपने संबोधन में बौद्ध दर्शन की वर्तमान वैश्विक चुनौतियों के समाधान में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए परस्पर निर्भरता, नैतिक विकास और सामूहिक कल्याण को वैश्विक शासन का आधार बताया।उन्होंने नालंदा की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए इसे संस्कृतियों और देशों के बीच संवाद को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण सेतु बताया। साथ ही उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों में संस्कृति के अभाव को रेखांकित करते हुए 2030 के बाद की विकास रूपरेखा में नैतिकता और संस्कृति को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान नालंदा प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन की उप-स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल से मुलाकात की। वहीं न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास के सहयोग से आयोजित राउंडटेबल में अंतरराष्ट्रीय विद्वानों ने भी भाग लिया।इसके अतिरिक्त नेपाल के काठमांडू में आयोजित सेमिनार में सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रांशु समदर्शी ने भारत-नेपाल के सांस्कृतिक संबंधों और बौद्ध विरासत की महत्ता पर अपने विचार रखे।

# ढोल नगाड़ों के साथ रैली निकाल बच्चों के नामांकन को बढ़ावा




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। नगर पंचायत क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सबनहुआडीह में प्रवेश उत्सव के अवसर पर नामांकन बढ़ाने के लिए शनिवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विद्यालय परिवार द्वारा पूरे पोषक क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य रैली निकाली गई, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

रैली में शिक्षक, आंगनबाड़ी कर्मी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सभी ने गांव-गांव जाकर शिक्षा के महत्व को बताया और अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने की अपील की। इस दौरान बच्चों ने शिक्षा से जुड़े नारे लगाकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।

शिक्षकों ने अभिभावकों को समझाया कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और हर बच्चे का स्कूल से जुड़ना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने सरकारी योजनाओं एवं विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी, ताकि अभिभावक प्रेरित होकर अपने बच्चों को स्कूल भेजें।

कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राजाराम पासवान ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान से न केवल नामांकन में वृद्धि होती है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच भी विकसित होती है।

इस मौके पर शिक्षक रविशंकर कुमार, आंगनबाड़ी सेविका स्वर्णलता कुमारी, विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। पूरे क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।






# थरथरी प्रखंड के विद्यालयों में प्रवेशोत्सव, बच्चों का तिलक से स्वागत




थरथरी (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में शनिवार को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नए नामांकित छात्र-छात्राओं का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर, फूलमाला पहनाकर एवं पाठ्यपुस्तक देकर स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की चहल-पहल और आकर्षक सजावट से गुलजार नजर आया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बच्चों और उनके अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया तथा बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बेहतर भविष्य की कुंजी है और हर बच्चे का स्कूल से जुड़ना जरूरी है।

भतहर, कचहरीया, अतवल विगहा, वस्ता, गंगा विगहा और महानंदचक सहित कई विद्यालयों में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। शिक्षकों ने अभिभावकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इनका लाभ उठाकर बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य, अभिभावक एवं ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को लेकर बच्चों और ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि प्रवेशोत्सव का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना और स्कूल छोड़ चुके बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।


उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी दिया।

# स्कूल चले हम अभियान से बच्चों का नामांकन बढ़ा, जागरूकता आई




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शिक्षा विभाग के निर्देशन में 1 अप्रैल से चलाए जा रहे प्रवेशोत्सव अभियान तथा 2 मई को आयोजित विशेष "स्कूल चले हम" अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय बेलदरिया में 22 बच्चों का नामांकन कराया गया। कॉलोनी पावा, बंगाली नगर एवं बेलदरिया क्षेत्र के बच्चों ने उत्साहपूर्वक विद्यालय में नामांकन लिया।

इस अभियान को सफल बनाने में विकास मित्र श्रीकांत मांझी और आंगनबाड़ी सेविका विभा कुमारी नंदनी का सराहनीय योगदान रहा। प्रधान शिक्षक रोहित कुमार ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा इस आयु वर्ग में नामांकित नहीं है तो इसके लिए अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षक, आंगनबाड़ी कर्मी और जनप्रतिनिधि भी जिम्मेदार होंगे।वरीय शिक्षक बिनोद पाण्डेय ने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों को पोशाक, छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन, पाठ्यपुस्तक, बैग, कॉपी, फोलिक एसिड की गोली, कृमि नाशक दवा एवं नियमित स्वास्थ्य जांच जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। नामांकन के बाद शिक्षक ललन पंडित, चंद्रशेखर पासवान, पायल गांधी, सरौवत अफरोज, स्नेहा कुमारी एवं नीतू कुमारी ने बच्चों का स्वागत पाठ्यपुस्तक वितरण एवं खीर खिलाकर किया।इसी अभियान के तहत उर्दू प्राथमिक विद्यालय पेढ़ुका में 25 तथा प्राथमिक विद्यालय नौबतपुर में 28 बच्चों का नामांकन कराया गया, जिससे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है।






# नालंदा कॉलेज में छात्रों का आक्रोश, बीएड भर्ती पर फूटा विरोध




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नालंदा इकाई ने शनिवार को नालंदा कॉलेज के प्राचार्य को विभिन्न छात्रहित एवं शैक्षणिक मुद्दों को लेकर दो अलग-अलग मांग पत्र सौंपे। परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने बीएड विभाग में जारी नियुक्ति विज्ञापन में अनियमितताओं के साथ-साथ कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे उठाए।

जिला संयोजक प्रतीक राज ने बताया कि हाल ही में परिषद द्वारा चलाए गए समस्या संग्रह अभियान में छात्रों ने अपनी कई समस्याएं साझा की थीं। इन्हीं मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर चयन कर प्राचार्य के समक्ष रखा गया। प्राचार्य ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए एक सप्ताह के भीतर समाधान का आश्वासन दिया।मांग पत्र में बीएड नियुक्ति विज्ञापन में आरक्षण सीटों का विवरण नहीं होने, आवेदन प्रक्रिया स्पष्ट नहीं होने तथा ईडब्ल्यूएस श्रेणी का उल्लेख नहीं किए जाने पर आपत्ति जताते हुए जांच कर विज्ञापन रद्द करने की मांग की गई। इसके अलावा कॉलेज में साफ-सफाई, छात्राओं के लिए कॉमन रूम, पुस्तकालय का नाम डॉ. अंबेडकर तथा ऑडिटोरियम का नाम स्वामी विवेकानंद के नाम पर करने की मांग भी रखी गई।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुमारी अदिति ने छात्राओं की सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाने की मांग उठाई। वहीं साहिल मेहता ने काउंटर पर पारदर्शिता और अनावश्यक वसूली पर रोक लगाने की बात कही।

इस मौके पर सुमित पटेल, अविनाश कुमार, शिवम कुमार, विवेक कुमार, रजनीश कुमार, संग्राम कुमार, प्रिया कुमारी, अर्चना कुमारी, रोहित कुमार समेत कई छात्र मौजूद रहे। परिषद ने चेतावनी दी कि समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# हर्ष कुमार ने रक्तदान कर मुस्लिम बच्चे की बचाई जान



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शहर में इंसानियत और भाईचारे की एक मिसाल उस वक्त देखने को मिली, जब नालंदा ब्लड ग्रुप टीम के सदस्य हर्ष कुमार ने एक मुस्लिम बच्चे को रक्तदान कर उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जानकारी के अनुसार, बड़ी दरगाह मोहल्ला निवासी मोहम्मद फैज आलम के पुत्र मो. फैज को तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। इस संबंध में वार्ड नंबर 45 की प्रतिनिधि तस्ब्बर हसन उर्फ बम्मी ने नालंदा ब्लड ग्रुप टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही टीम सक्रिय हुई और सदस्य हर्ष कुमार से संपर्क किया गया। हर्ष कुमार बिना देर किए रक्तदान के लिए तैयार हो गए और तुरंत अस्पताल पहुंचकर जरूरतमंद बच्चे को रक्तदान किया। उनके इस कार्य से बच्चे की स्थिति में सुधार हुआ और परिवार ने राहत की सांस ली।

रक्तदान के बाद हर्ष कुमार ने कहा कि वे लगातार रक्तदान करते रहते हैं और उनके लिए जाति-धर्म से ऊपर इंसानियत है। उन्होंने कहा कि किसी की जान बचाने से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।

नालंदा ब्लड ग्रुप टीम भी लगातार शहर में जरूरतमंदों की मदद के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही है। टीम के इस प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

इस घटना ने समाज में आपसी सद्भाव और मानवता का मजबूत संदेश दिया है, जिसे हर किसी को अपनाने की जरूरत है।






## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# झाल-मुड़ी, प्याज और राजनीति: गर्मी से राहत या बयानबाज़ी का खेल

पश्चिम बंगाल में झाल-मुड़ी बनाते और खाते हुए प्रधानमंत्री द्वारा यह कहना कि वे प्याज खाते हैं, एक साधारण-सा बयान लग सकता है, लेकिन भारतीय राजनीति में ऐसे छोटे बयान भी बड़े अर्थ निकाल लेते हैं। खासकर तब, जब प्याज जैसी वस्तु पहले से ही महंगाई, राजनीति और आम आदमी की थाली का अहम हिस्सा रही हो।

प्याज भारतीय राजनीति में हमेशा एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। कभी इसकी कीमत सरकारों को संकट में डाल देती है, तो कभी इसके उत्पादन और उपलब्धता को लेकर बहस छिड़ जाती है। ऐसे में जब केंद्रीय मंत्री द्वारा यह कहा जाता है कि "प्याज जेब में रख लो, गर्मी से बच जाओगे", तो यह बयान एक तरह से व्यंग्य का विषय भी बन जाता है और चिंता का कारण भी।

यह सच है कि पारंपरिक तौर पर लोग गर्मी से बचने के लिए प्याज का सेवन करते रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में आज भी कई लोग मानते हैं कि प्याज शरीर को ठंडक देता है और लू से बचाता है। लेकिन इसे वैज्ञानिक समाधान के रूप में प्रस्तुत करना और उससे जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्या को जोड़ देना, यह बात थोड़ी अतिशयोक्तिपूर्ण लगती है।

आज जब दुनिया "ग्लोबल वार्मिंग" और "जलवायु परिवर्तन" जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब समाधान भी उसी स्तर के गंभीर और वैज्ञानिक होने चाहिए। अगर हम इन समस्याओं को हल्के-फुल्के बयानों में बदल देंगे, तो असल मुद्दा कहीं पीछे छूट जाएगा।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प बात यह है कि एक ओर वित्त मंत्री खुद को प्याज-लहसुन से दूर बताकर एक अलग छवि प्रस्तुत करती हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री सार्वजनिक मंच पर प्याज खाने की बात करते हैं। यह विरोधाभास भी राजनीतिक विमर्श को और रोचक बना देता है।

व्यंग्य की दृष्टि से देखें तो ऐसा लगता है मानो अब हर समस्या का समाधान "प्याज" में ही खोजा जा रहा है। अगर गर्मी से बचना है तो प्याज, अगर महंगाई की चर्चा करनी है तो प्याज, और अगर राजनीति करनी है तो भी प्याज। सवाल यह है कि क्या वास्तव में इतनी बड़ी समस्याओं का हल इतने सरल उपायों में छिपा है?

समाज में बढ़ती गर्मी, लू से हो रही मौतें और बदलता मौसम गंभीर मुद्दे हैं। इनके लिए ठोस नीतियों, बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था और जागरूकता की जरूरत है।

सिर्फ प्रतीकात्मक या हल्के बयान इन समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते।

अंततः यह कहना गलत नहीं होगा कि "प्याज" भारतीय राजनीति में सिर्फ एक सब्जी नहीं, बल्कि एक प्रतीक बन चुका है—कभी राहत का, कभी व्यंग्य का और कभी सियासी हथियार का। लेकिन अब वक्त आ गया है कि हम प्रतीकों से आगे बढ़कर वास्तविक और स्थायी समाधान की दिशा में सोचें।

# एसपी अपराजित लोहान की समीक्षा बैठक, अपराध नियंत्रण पर जोर



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर शनिवार को पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न थानों में दर्ज नक्सल एवं सीएलए एक्ट से संबंधित लंबित कांडों की विस्तार से समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नक्सल और सीएलए एक्ट से जुड़े पुराने एवं वर्तमान मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित कांडों में तेजी लाने तथा अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) घोसी एवं जहानाबाद भी उपस्थित रहे। उनके साथ संबंधितक्षेत्रों के महत्वपूर्ण मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसपी ने विशेष रूप से मनचलों और नशा करने वाले युवकों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शहर में इस तरह की गतिविधियां कुछ गिरोहों के माध्यम से संचालित हो रही हैं, जिन पर अंकुश लगाना जरूरी है। इसके लिए खुफिया तंत्र को और सक्रिय करने तथा नियमित सूचना संकलन पर जोर दिया गया।पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों को सतर्कता बरतते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए निरंतर समीक्षा और ठोस कार्रवाई आवश्यक है, जिससे जिले में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहे।

# अब पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर, लोगों की समस्याएं होंगी दूर



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर 'सहयोग शिविर' आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री की इस पहल का उद्देश्य आम जनता को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सीधे प्रशासन से जोड़ना है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। यह शिविर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत मई माह के तृतीय मंगलवार, 19 मई 2026 से की जाएगी।

शिविर का आयोजन पंचायत सरकार भवन या किसी अन्य सुलभ सार्वजनिक स्थल पर किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। शिविर की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता अथवा वरीय उपसमाहर्ता स्तर के पदाधिकारी करेंगे।

इस दौरान राजस्व, भूमि सुधार, समाज कल्याण, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान करेंगे।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी वरीय पदाधिकारी शिविर से पूर्व संबंधित प्रखंडों में पहुंचकर आमजनों से समस्याएं एकत्रित करें और शिविर के दौरान उनका समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही सभी विभागों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

# सख्त वाहन जांच में तीस ऑटो चालान, लाखों का जुर्माना वसूला गया



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को जिले में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर अपर जिला परिवहन पदाधिकारी करिश्मा सिंह के नेतृत्व में संचालित हुआ। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर ऑटो सहित अन्य वाहनों की सघन जांच की गई।

अपर जिला परिवहन पदाधिकारी करिश्मा सिंह स्वयं सड़क पर उतरकर जांच करती नजर आईं। इस दौरान ऑटो चालकों से वाहन का रजिस्ट्रेशन, बीमा, परमिट, प्रदूषण प्रमाण पत्र और ड्राइविंग लाइसेंस की गहन जांच की गई। जांच के क्रम में लगभग 30 वाहनों में अनियमितताएं पाई गईं, जिसके बाद संबंधित चालकों पर कार्रवाई करते हुए चालान काटा गया।

अभियान के दौरान कुल 1.92 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। अधिकारियों ने वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखें और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों के उल्लंघन पर आगे और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी को देखते हुए इस तरह के विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में भी नियमित रूप से जांच अभियान जारी रहेगा, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके।

# मास्क टीवी ने लॉन्च किया अश्किया इश्किया, अब नए ऐप पर स्ट्रीमिंग उपलब्ध




मुंबई (अपना नालंदा)।मास्क टीवी ने अपनी नई ओरिजिनल वेब सीरीज़ अश्किया इश्किया को आधिकारिक रूप से रिलीज़ कर दिया है। छह एपिसोड की यह फैमिली ड्रामा सीरीज़ प्लेटफॉर्म के इमोशनल और कैरेक्टर-ड्रिवन कंटेंट को और मजबूती देती है।

सीरीज़ का निर्माण अंजू भट्ट और चिरंजीवी भट्ट ने किया है। कहानी एक शहरी कस्बे खातेगांव में स्थापित है, जहाँ एक पिता और बेटी के बदलते रिश्ते को गहराई से दिखाया गया है। कहानी रामनाथ और उनकी बेटी रानो के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी ज़िंदगी तब बदल जाती है जब सलीम उनकी दुनिया में आता है। प्यार और अपने लक्ष्य को पाने की चाह में वे ऐसे फैसले लेते हैं जो परिवार की इज़्ज़त, सामाजिक पहचान और सच्चाई को चुनौती देते हैं। यह सीरीज़ उन पहलुओं को भी छूती है जिन्हें समाज में "लव जिहाद" जैसी बहसों के रूप में देखा जाता है, और यह दिखाती है कि कैसे ऐसे रिश्ते और फैसले सामाजिक नैरेटिव को प्रभावित करते हैं और उसे बदलते हैं। जैसे-जैसे सच्चाई सामने आती है, इसके दूरगामी परिणाम सामने आते हैं।

इस पर बात करते हुए चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट ने कहा, "अश्किया इश्किया के जरिए हम एक ऐसी कहानी सामने ला रहे हैं जो असहज सच्चाइयों को छूती है। यह दिखाती है कि रिश्ते, विचार और समाज के नैरेटिव किस तरह बदलते रहते हैं, और कई बार सच्चाइयाँ जानबूझकर छुपाई जाती हैं। यह सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि एक नजरिया है जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगा।"उन्होंने आगे कहा, "यह रिलीज़ मास्क टीवी के लिए एक नए चरण की शुरुआत है, जहाँ हम अपने नए ऐप के साथ दर्शकों को एक बेहतर और बड़ा अनुभव दे रहे हैं। दर्शक अब अश्किया इश्किया को सीधे मास्क टीवी ऐप पर स्ट्रीम होता देख सकते हैं। आने वाले समय में हम और भी दमदार और प्रभावशाली कहानियाँ लेकर आ रहे हैं।"

# जनगणना कार्य में तेजी, सुपरवाइजर और प्रगणकों को दिए गए निर्देश




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत घर-घर सर्वे एवं सत्यापन कार्य को लेकर बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस क्रम में शनिवार को नगर आयुक्त सह चार्ज अधिकारी द्वारा जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त 106 पर्यवेक्षकों, 14 फील्ड ट्रेनरों तथा नगर निगम के पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र में कुल 670 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) निर्धारित किए गए हैं। सभी पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने प्रगणकों के साथ समन्वय स्थापित कर निर्धारित क्षेत्रों का भ्रमण करें और नक्शा सत्यापन का कार्य 3 मई 2026 तक हर हाल में पूरा करें। इसके साथ ही घर-घर सर्वे एवं सत्यापन कार्य भी समय पर सुनिश्चित करने को कहा गया।

नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी सुपरवाइजर अपने प्रगणकों के कार्यों का प्रतिदिन भौतिक सत्यापन करें और दैनिक प्रगति प्रतिवेदन जनगणना कोषांग को उपलब्ध कराएं। कार्य को सुगम बनाने के लिए नगर निगम के कर-संग्रहकर्ताओं को वार्डवार टैग करने का निर्णय लिया गया है, जिससे नक्शा सत्यापन में सहूलियत होगी।

इसके अलावा, सभी सुपरवाइजर के साथ नगर निगम के पदाधिकारी, अभियंता एवं फील्ड ट्रेनरों को भी जोड़ा जाएगा, ताकि क्षेत्र में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि जनगणना कार्य को समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जाए।

# साया जी सीड्स के मक्का ने दिखाई बढ़त, किसानों में उत्साह




विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। चंडी प्रखंड के माधोपुर डीह गांव में शनिवार को साया जी सीड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मक्का फसल कटनी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के क्षेत्रीय सेल्स प्रबंधक शम्भू कुमार तथा विपणन पदाधिकारी श्रीनिवास कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रगतिशील किसान राजेश राम के खेत में आयोजित किया गया, जहां साया जी सीड्स के 1010 प्रभेद की फसल का प्रदर्शन और कटनी की गई।

कार्यक्रम में प्रखंड के सैकड़ों किसान एवं दर्जनों बीज दुकानदार शामिल हुए। इस दौरान कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि साया जी सीड्स के मक्का की उपज अन्य कंपनियों कीतुलना में अधिक रही है। इसका दाना नारंगी रंग का, वजनदार और गुणवत्ता में बेहतर पाया गया, जिससे किसानों को अधिक उत्पादन मिला है।विपणन पदाधिकारी श्रीनिवास कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मक्का कम पानी में भी बेहतर उत्पादन देता है और गर्मी के प्रति सहनशील है। उन्होंने किसानों को साया जी सीड्स के 2023 धान किस्म को लगाने की भी सलाह दी, जिसका उत्पादन काफी अच्छा बताया गया। वहीं खाने योग्य 1015 धान किस्म को भी किसानों के लिए लाभकारी बताया।

इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों और बीज दुकानदारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धनंजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विशाल कुमार, रविरंजन कुमार, शेखर जी, अंकित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे

# सात कुंटल मक्का का बीज शेष, पहले आओ पहले पाओ के अनुसार मक्का बीज का वितरण



हरिओम कुमार

हरनौत( अपना नालंदा)।गेहूं की कटनी के बाद खाली पड़े खेतों में गरमा बीज मक्का लगाने की तैयारी किसान शुरू कर दिए हैं। बीज वितरण का किसान काफी शिद्दत से इंतजार कर रहे थे। वे हर दिन इसकी जानकारी के लिए कृषि कार्यालय पहुंच रहे थे।उधर शनिवार को बीज आने की जानकारी देते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रज किशोर चरण ने दी । उन्होंने कहा कि हरनौत प्रखंड के लिए जिले से तकरीबन 1550 किलो

हाईब्रिड मक्का का बीज मिला है। जिसमें 700 किलो बांटा जा चुका है।हालांकि उन्होंने बताया कि पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर बीज का वितरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीज वितरण की जानकारी किसान सलाहकारों और किसान समन्वयकों के द्वारा किसानों को दी जा रही है। वहीं किसानों ने बताया कि सरकारी स्तर पर मिलने वाली बीज का हमलोग बेसब्री से इंतजार रहता है। लेकिन ससमय नहीं मिलता है।कहा चैत-वैसाख महिनें में पहले बीज खरिद के खेत में लगा चुके हैं। अब आषाढ़ महिनें में दुबारा इस बीज को बोया जाएगा। प्रति एकड़ रकबा के अनुसार 08 किलो बीज का वितरण किया जा रहा है। प्रखंड कार्यालय पहुंचे किसानों का कहना था कि पहले आओ पहले पाओ के अनुसार बीज का वितरण होने पर बिचौलिए हावी हो जाते हैं। इसलिए विभाग का जो पुराना नियम है, उसके के अनुसार बीज का वितरण होना चाहिए। इससे गरीब किसान सीधे तौर पर लाभांवित होंगे।

# तीर निशान, तय निशांत ,चंपारण से विकसित बिहार के नए संकल्प की शुरुआत: - जद (यू)



पटना (अपना नालंदा)। जनता दल (यू) के नेता निशांत कुमार की प्रस्तावित सद्भाव यात्रा को लेकर पश्चिम चंपारण के बेतिया परिसदन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान जदयू के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार, सांसद सुनील कुमार, विधायक मंजीत कुमार सिंह, विधायक समृद्ध वर्मा, पूर्व विधान पार्षद भूमिपाल राय, पूर्व विधायक रिंकू सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद एवं छात्र जदयू प्रवक्ता अमित माधव ने संयुक्त रूप से संबोधित किया।

नेताओं ने कहा कि निशांत कुमार की सद्भाव यात्रा बिहार में विकास, सामाजिक न्याय और आपसी सद्भाव को नई दिशा देने वाली पहल है। "तीर निशान, तय निशांत" के संकल्प के साथ पार्टी विकसित बिहार के लक्ष्य को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि चंपारण की ऐतिहासिक धरती से इस यात्रा की शुरुआत होना गौरव का विषय है, जहां से महात्मा गांधीने देश को नई दिशा दी थी।

नेताओं ने बताया कि निशांत कुमार सिद्धांत आधारित राजनीति के पक्षधर हैं और क्राइम, करप्शन व कम्युनलिज्म से समझौता नहीं करने के विचार को आगे बढ़ा रहे हैं। उनका व्यक्तित्व सादगी, संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

सद्भाव यात्रा के दौरान बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर समेत स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा।

नेताओं ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं, जिन्हें आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया है। इस यात्रा को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

# प्रेमनबिगहा सड़क जर्जर, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को हो रही परेशानी



नगरनौसा (अपना नालंदा)। प्रखंड के कैला पंचायत अंतर्गत प्रेमनबिगहा गांव में मुख्य सड़क से मध्य विद्यालय तक जाने वाली ढलाई सड़क जर्जर हो गई है, जिससे ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आवागमन कठिन हो गया है और लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। खासकर बरसात के मौसम में स्थिति और खराब हो जाती है, जब सड़क पर जलजमाव हो जाता है और कीचड़ के कारण चलना जोखिम भरा हो जाता है। इसका सबसेअधिक असर स्कूली बच्चों और शिक्षकों पर पड़ रहा है, जिन्हें रोजाना इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की मरम्मत और निर्माण को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई है। उन्होंने विधायक, सांसद और पंचायत प्रतिनिधियों से बार-बार मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण या मरम्मत नहीं कराया गया, तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अविलंब कार्रवाई करते हुए सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि बच्चों, शिक्षकों और आम लोगों को आवागमन में राहत मिल सके।

# नीट परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू, सुरक्षा व्यवस्था हुई कड़ी

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा को कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला पदाधिकारी सह जिला दंडाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर बिहारशरीफ अनुमंडल में परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

यह परीक्षा 3 मई 2026 (रविवार) को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। बिहारशरीफ अनुमंडल में नालंदा कॉलेज, किसान कॉलेज तथा एसएस बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन सभी केंद्रों के 500 गज के दायरे में निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी।

अनुमंडल पदाधिकारी किसलय श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश के अनुसार परीक्षा केंद्रों के आसपास पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, हथियार लेकर चलने, अनाधिकृत आवाजाही तथा किसी भी प्रकार के घातक उपकरणों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षार्थियों को भी मोबाइल फोन सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

इसके अलावा परीक्षा के दिन सुबह 10 बजे से परीक्षा समाप्ति तक सभी फोटोस्टेट दुकानें, साइबर कैफे और कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे। लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है।

प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल की तैनाती की गई है, साथ ही गश्ती दल भी सक्रिय रहेंगे। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# जनगणना में मातृभाषा मगही लिखने को संघ ने चलाया अभियान




पटना(अपना नालंदा)। मगही मगध नागरिक संघ की जिला इकाई द्वारा शहर के मालगोदाम में आयोजित बैठक में मातृभाषा के रूप में "मगही" लिखवाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस सिंह ने कहा कि देश में हर दस वर्ष पर होने वाली जनगणना 2021 में कोरोना महामारी के कारण नहीं हो सकी, लेकिन अब 2026-27 की जनगणना प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो दो चरणों में संपन्न होगी।

उन्होंने बताया कि जनगणना के दौरान नागरिकों से भाषा से संबंधित प्रश्न भी पूछे जाएंगे या स्वयं डिजिटल फॉर्म भरना होगा। ऐसे में सभी मगधवासियों से अपील है कि मातृभाषा के कॉलम (क्यू-10) में "मगही" अवश्य लिखें,ताकि मगही बोलने वालों की वास्तविक संख्या सरकार तक पहुंच सके। इससे मगही भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के आंदोलन को मजबूती मिलेगी।

बैठक में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हैंडबिल का लोकार्पण भी किया गया। अध्यक्षता करते हुए उपदेष्टा डॉ. भागवत प्रसाद ने इसे सुनहरा अवसर बताते हुए लोगों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की। संघ के सचिव नितेश कपूर ने कहा कि विशेष रूप से शिक्षकों और जनगणना कर्मियों के बीच अभियान चलाना जरूरी है।

प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने गांव-गांव जाकर टीम बनाकर लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। इस अवसर पर उमेश प्रसाद, डॉ. शिरोमणि सिंह और अखिलेश प्रसाद ने भी अपने विचार रखते हुए मगही भाषा के विकास के लिए इस पहल को आवश्यक बताया।




Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO
WOOD
TECHNOLOGY
No Wood
100%
Waterproof
uPVC
Termite
Proof
Low
Maintenance
10
YEAR
WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer